7वीं कक्षा का इम्युनाइज़ेशन (टीकाकरण)

Boostrix - एक ऐसा टीकाकरण है जो टिटनेस, डिप्थीरिया और काली खाँसी (परटुटिस) के विरुद्ध आपके बच्चे की सुरक्षा बढ़ा देता है।

स्कूल सहमतिपत्र

कृपया हस्ताक्षर करके इस फार्म को स्कूल में वापिस भेज दें।

immunise

their best protection

Hindi

7वीं कक्षा के सारे छात्रों को टिटनेस, डिप्थीरिया और काली खाँसी (परटुटिस) के विरुद्ध इंफेक्शन से बचाव में सहायता के लिए स्कूल में मुफ़्त बूस्टर टीकाकरण किया जाता है। इस टीकाकरण को 11 साल वालों का, Boostrix टीकाकरण और Tdap के नाम से भी जाना जाता है।

अगले कुछ पृष्ठों में दी गई जानकारी से आपको यह निर्णय लेने में सहायता मिलेगी कि आपके बच्चे का स्कूल में टीकाकरण किया जाए या नहीं।

कृपया निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और इस बारे में अपने बच्चे के साथ मिलकर बात करें। जब आप किसी निर्णय पर पहुँच जायें तो कृपया इसे फाड़ कर अलग करने वाले फार्म पर हस्ताक्षर करके इसे स्कूल को वापिस भेज दें।

ये बीमारियाँ क्या हैं?

टिटनस

टिटनस एक ऐसी बीमारी है जो शरीर में किसी कटाव या लगी हुई रगड़ के माध्यम से प्रवेश कर सकती है। इसके कारण मांसपेशियों में जकड़ या कड़ापन और ऐंठन आ जाती है। इससे श्वास की मांसपेशियों पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

डिप्थीरिया

डिप्थीरिया गले को प्रभावित करता है, जिससे सांस लेने और निगलने में मुश्किल होती है। यह तंत्रिकाओं, मांपपेशियों, दिल और त्वचा को भी प्रभावित कर सकता है।

काली खाँसी (परटुसिस)

इस रोग से श्वास नलियों को नुकसान पहुँचता है। प्रभावित बच्चों को उल्टी हो सकती है और खाँसते समय वे सांस लेने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

यह टीका क्या है और इसे क्यों दिया जाता है?

7वीं कक्षा (10 से 12 वर्ष की अयु) में, छात्रों को टिटनस, डिप्थीरिया और काली खाँसी के विरुद्ध एक निःशुल्क टीके की पेशकश की जाती है। इस टीके को Boostrix कहा जाता है।

न्यूज़ीलैंड में, शिशुओं (छह सप्ताह, तीन और पाँच महीने की आयु होने पर) और छोटे बच्चों (चार साल की आयु होने पर) को टिटनस, डिप्थीरिया और काली खाँसी से सुरक्षा के लिए टीके लगाए जाते हैं। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, यह सुरक्षा कम हो जाती है, इसलिए 7वीं के छात्रों को इन तीन बीमारियों के विरुद्ध उनकी सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उन्हें बूसट्रिक्स टीके देने की आवश्यकता होती है।

टीका कैसे काम करता है?

टीका तीन बीमारियों के विरुद्ध शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र (इम्युन सिस्टम) को अपनी स्वयं की सुरक्षा के उत्पादन का कारण बनाता है।

टीकाकरण कितना प्रभावशाली है?

इस बूस्टर खुराक के बाद, 97 प्रतिशत से अधिक लोग टिटनस और डिप्थीरिया के विरुद्ध, और लगभग 84 प्रतिशत लोग काली खाँसी के विरुद्ध सुरक्षित हो जाते हैं।

टिटनेस और डिप्थीरिया के विरुद्ध सुरक्षा के 20 साल तक बने रहने की संभावना होती है। काली खाँसी के विरुद्ध सुरक्षा के 10 साल तक बने रहने की संभावना होती है। परंतु, सुरक्षा पाँच साल के बाद कम होनी शुरू हो सकती है।

टीकाकरण कितना प्रभावशाली है?

प्रत्येक इंजेक्शन बाजू के ऊपरी हिस्से में लगाया जाता है।

इंजेक्शन के बाद क्या होता है?

संभव प्रतिक्रियाएँ

अन्य सभी टीकों की तरह, इंजेक्शन वाली जगह पर लालपन, दर्द तथा सूजन के साथ आपके बच्चे की बाजू में दर्द हो सकता है। ये आम दुष्प्रभाव एक या एक से अधिक दिन तक रह सकते हैं।

टीके लगवाने वाले 100 लोगों में से लगभग 2 लोगों को इंजेक्शन वाली जगह पर अधिक गंभीर प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं।

अन्य संभव प्रतिक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- लालपन, सूजन, एक सख्त गाँठ, पीड़ा, इंजेक्शन वाली जगह के आसपास रगड़ या खुजली, या त्वचा पर रैश या लाल चकता
- बुखार (गरम महसूस करना)
- भूख कम लगना, मतली (अस्वस्थ महसूस करना), उल्टी आना
- सामान्य पीड़ा महसूस करना (बीमार महसूस करना, पीड़ा तथा दर्द)।

गंभीर प्रतिक्रियाएं बहुत ही कम होती हैं।

गंभीर प्रतिक्रियाएं बहुत ही कम होती हैं। बहुत ही कम मामलों में, टीके को हाथ के एक स्नायु विकार (बेकियल प्लेक्सस न्यूरोपैथी या गर्दन की नाड़ियों के जाल की न्यूरॉपैथी) के साथ सम्बद्ध किया गया है।

एनाफिलॉक्सिस नामक गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया बहुत ही कम होती है, तथा ऐसा आमतौर पर टीका लगाए जाने के कुछ ही मिनटों में हो जाता है। प्रत्येक पब्लिक हैल्थ नर्स प्रशिक्षित होने के साथ-साथ गंभीर प्रतिक्रिया का सामना करने में सक्षम होती है।

पब्लिक हैल्थ नर्स आपके बच्चे पर प्रत्येक टीकाकरण के बाद 20 मिनट तक निगाह रखेगी। किसी भी टीकाकरण के बाद यह एक आम प्रथा है। नर्स आपके बच्चे को एक फार्म भी देगी जिसमें यह लिखा होगा कि इंजेक्शन कहाँ (बायीं या दायीं बाजू) और कब लगाया गया था।

प्रश्न पूछना और चिंताओं की रिपोर्ट करना

यदि टीकाकरण के बाद आपको अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में कोई भी चिंता हो तो अपने फैमिली डॉक्टर, प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हेल्थ नर्स से सम्पर्क करें।

यह महत्वपूर्ण है कि टीकाकरण के बाद किसी भी अनपेक्षित दुष्प्रभाव के बारे में अपने फैमिली डॉक्टर, प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हेल्थ नर्स को सूचित करें। अगर आप इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि लक्षण टीके से सम्बंधित हो सकता है या नहीं, तो अपने फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स से इस बारे में बातचीत करें।

टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिक्रियाओं की सूचना स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा Centre for Adverse Reactions Monitoring (CARM) के पास दी जानी चाहिए। आप भी इसकी सूचना CARM की वेबसाइट carmnz@otago.ac.nz ईमेल द्वारा या CARM की वेबसाइट http://www.otago.ac.nz पर रिपोर्ट करने वाले फार्म का प्रयोग करके ऑनलाइन दे सकते हैं।

टीकों पर अधिक जानकारी के लिए, पिछले पृष्ठ पर ग्राहक औषधि सारांश (समरी कंज्युमर मेडिसिन) जानकारी को देखें या इम्युनाइज़ेशन एडवाइजरी सैंटर (IMAC) को 0800 IMMUNE (0800 466 863) नम्बर पर फ़ोन करें।

मुझे अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

- **पब्लिक हैल्थ नर्स या अपने डॉक्टर अथवा प्रैक्टिस नर्स से बात करें**
- वीडियो क्लिप और टीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए **www.health.govt.nz/immunisation** वेबसाइट पर जाएं
- IMAC को **0800 IMMUNE (0800 466 863) नम्बर पर निःशुल्क फोन करें या www.immune.org.nz** वेबसाइट पर जाएं।

इस स्कूल सहमतिपत्र को भरने के लिए अगर आपको अधिक जानकारी चाहिए या इस जानकारी को यदि आप किसी अन्य भाषा में प्राप्त करना चाहते हैं तो पब्लिक हैल्थ नर्स से सीधा सम्पर्क करें।

ग्राहक औषधि (कन्ज़्यूमर मेडिसिन) जानकारी सारांश

Boostrix एक ऐसा टीका है जो टिटनस, डिप्थिरिया और काली खाँसी(परटुसिस) के विरुद्ध बूस्टर टीकाकरण के लिए प्रयोग होता है। Boostrix टीके को कभी-कभी टीडैप (टिटनस/डिप्थिरिया/एसल्यूलर परटुटिस) भी कहा जाता है।

Boostrix के सक्रिय तत्व हैं टिटनस और डिप्थिरिया बैक्टिरिया के गैर-संक्रामक पदार्थ और परटुसिस बैक्टिरिया के शुद्ध प्रोटिन। यह टीका इनमें से किसी भी रोग को पैदा नहीं कर सकता।

एक 0.5 ml Boostrix की खुराक में डिप्थिरिया टॉक्साइड के 2.5Lf यूनिट टिटनस टॉक्साइड के 5Lf यूनिट और परटुसिस एन्टीजीन्सः परटुटिस के टॉक्साइड के 8 माइक्रोग्राम्स(mcg) filamentous haemagglutinin के 8 mcg और pertactin के 2.5 mcg शामिल है।

एक 0.5 ml की खुराक में थोड़ी मात्रा में aluminium (जैसे कि aluminium hydroxide और aluminium phosphate), 2- phenoxyethanol, sodium chloride और water होते हैं। ये घटक या अवयव आम तौर पर अन्य कई दवाइयों तथा टीकों में प्रयोग किए जाते हैं।

आपकी बेटी को अगर Boostrix या इसके किसी भी पदार्थ से एलर्जी हो तो उसे यह टीका नहीं लगवाना चाहिए।

आपके बच्चे को अगर निम्नलिखित हो तो उसे Boostrix नहीं लगवाना चाहिए:

- रक्त के थक्के जमने या डिप्थीरिया और/ या टिटनस के खिलाफ पहले दिए गए टीकाकरण के बाद नर्वस सिस्टम(तंत्रिका तंत्र) की समस्या हो चुकी हो
- फिलहाल उच्च तापमान सहित गंभीर संक्रमण हो
- मस्तिष्क में सूजन/ बीमारी का अनुभव, जो काली खाँसी (परटुसिस) टीके के साथ पिछले टीकाकरण के बाद सात दिनों में हुआ हो
- ऐसा न्यूरालॉजिकल (तंत्रिका सम्बन्धी) विकार जो स्थायी नहीं हो।

सामान्य दुष्प्रभावों (साइड इफेक्ट्स) में इंजेक्शन की जगह के आसपास दर्द, लालपन, सूजन या खरोंच सहित स्थानीय प्रतिक्रिया और आमतौर पर अस्वस्थ महसूस करना (बुखार, जी मितलाना, दर्द) शामिल हो सकते हैं।

शायद ही कभी एलर्जी जैसे अन्य प्रतिकूल प्रभाव भी हो सकते हैं। इन संभावित प्रतिकूल प्रभावों की पूरी सूची Consumer Medicine Information and Datasheet में दी गई है जो Medsafe: www.medsafe.govt.nz वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अगर Boostrix लेने के बाद कोई असामान्य या गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य प्रदाता से तुरन्त सम्पर्क करें।

यदि आपका बच्चा निम्नलिखित में से किसी हालात से पीड़ित है, तो कृपया सहमति देने से पहले अपने फैमिल डॉक्टर से, प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ नर्स से टीकाकरण के बारे में बातचीत करें:

- रक्तस्त्राव विकार
- इम्यून डिफिशियन्सी या प्रतिरक्षा की हालत (जैसे कि आपका बच्चा एचआईवी पॉज़िटिव है)
- मस्तिष्क रोग या केन्द्रीय स्नायु तंत्र की बीमारी जैसे कि मिरगी या ज्वर आक्षेप की प्रवृति (दौरें/ ज्यादा बुखार के कारण दौरें पड़ना)
- किसी अन्य दवा या रंग, खाद्य- पदार्थ और प्रीज़रवेटिव्स या परिरक्षकों जैसे पदार्थों से एलर्जी
- पहले टिटनस, डिप्थीरिया और / या परटुसिस युक्त अन्य टीके लगवाने के बाद हुई गंभीर प्रतिक्रिया
- कोई अन्य दवाई या टीके ले रहे हैं
- टिटनस, डिप्थीरिया या परटुसिस के लिए कभी भी टीका नहीं लगाया गया था या टिटनस और डिप्थीरिया के टीकों का सारा कोर्स पूरा नहीं किया गया।

Boostrix एक प्रिस्क्रिप्शन की दवाई है। दवाइयों को लाभ तथा खतरे होते हैं। टीके की इस दवाई के लाभों तथा खतरों की जाँच के बारे में जानने के लिए अपने फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स या पब्लिक हैल्थ नर्स से बात करें।

सम्पूर्ण ग्राहक जानकारी Medsafe: www.medsafe.govt.nz पर उपलब्ध है।

आपके अधिकार

स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवा ग्राहकों के अधिकारों की संहिता (कोड ऑफ हैल्थ एन्ड डिसेबिलिटी सर्विसिज़ कन्ज़्यूमर्स राईट्स) न्यूज़ीलैंड में सारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवाओं पर लागू होती है। अधिक जानकारी के लिए www.hdc.org.nz वेबसाइट पर जाएं या 0800 555 050 नम्बर पर फोन करें।

गोपनीयता

संभव है कि स्कूलों ने छात्रों के नाम, कमरों के नम्बर, जन्म-तिथियों, उनके पतों तथा जातीयता के बारे में कुछ जानकारी प्रदान की हो। ऐसा करने से पहले जरूरी है कि स्कूल आपको सूचित करें। इस जानकारी के साथ-साथ सहमतिपत्र में आपके द्वारा दी गई जानकारी का प्रयोग इस टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन करने के लिए किया जाएगा।

इस सहमतिपत्र से जानकारी तथा प्रत्येक टीका लगवाने या उसे अस्वीकार किए जाने के ब्यौरे को आपके डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड द्वारा रखे गए पेशेन्ट मैनेजमेंट सिस्टम में रिकॉर्ड किया जाएगा तथा इसमें से कुछ को नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर के पास भेज दिया जाएगा।

पेशेन्ट मैनेजमेंट सिस्टमों का प्रयोग डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्डों द्वारा स्वास्थ्य जानकारी को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर एक राष्ट्रीय डाटाबेस है, जिसका नियंत्रण स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इस रजिस्टर में विशेष टीकाकरण कार्यक्रमों में न्यूज़ीलैंड के बच्चों तथा लोगों को दिए जाने वाले टीकों को रिकॉर्ड किया जाता है।

सहमतिपत्र, पेशेन्ट मैनेजमेंट सिस्टमों और नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दी गई जानकारी स्वास्थ्य जानकारी गोपनीयता संहिता (हैल्थ इन्फोर्मेशन प्राइवेसी कोड) द्वारा सुरक्षित है। केवल अधिकृत स्वास्थ्य व्यावसायिक ही इसे देख पायेंगे, इसका प्रयोग कर पायेंगे या उसमें परिवर्तन ला पायेंगे। परन्तु आप अपनी बेटी की जानकारी को देख सकते हैं और किसी ब्यौरे को ठीक कर सकते हैं। आप अगर ऐसा करना चाहते हैं, तो अपनी पब्लिक हैल्थ नर्स या डॉक्टर या हैल्थ सैंटर से सम्पर्क करें।

पब्लिक हैल्थ नर्स से सम्पर्क का ब्यौरा:

पब्लिक हैल्थ नर्सें सहमतिपत्र, पेशेन्ट मैनेजमेंट सिस्टम्स और नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दी गई जानकारी का प्रयोग निम्नलिखित के लिए करेंगी:

- आपके डॉक्टर या हैल्थ सैंटर से यह जाँच करने के लिए सम्पर्क करेंगी कि आपकी बेटी को पहले से ही कौन सा टीका लगाया जा चुका है
- अगर आपकी बेटी को कोई स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ता है
- स्कूल को यह सूचित करने के लिए कि आपकी बेटी को टीका लग चुका है या नहीं
- इस टीकाकरण कार्यक्रम का मूल्यांकन करने तथा भावी कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए, या
- अगर स्कूल में उसका टीकाकरण छूट गया हो तो आपकी बेटी को आपके फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स के पास टीकाकरण हेतु रिफर करने (भेजने) के लिए।

वैयक्तिक रूप से किसी की पहचान न की जा सकने वाली जानकारी को शोध (रिसर्च) के उद्देश्य से या नई सेवाओं की योजना बनाने के लिए किया जा सकता है।

स्कूल उपस्थिति की साझेदारी (स्कूल रोल शेयरिंग), गोपनीयता तथा जानकारी के प्रयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड की गोपनीयता नीतियों को देखें। अगर गोपनीयता के बारे में आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो आप enquiries@privacy.org.nz पते पर ईमेल कर सकते हैं या प्राइवेसी कमिश्नर की नि:शुल्क हैल्पलाईन से 0800 803 909 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

immunise
their best protection

MINISTRY OF HEALTH MANATŪ HAUORA
hpa health promotion agency
New Zealand Government

Revised December 2014. Code **HE2348**